तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 13 अप्रैल 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 सदस्यों की सक्रियता से पूरा होगा विकसित...



14 अरंड व पचेड़ा के मानस गान समारोह में शामिल हुए...



**खबर संक्षेप**



## मोबाइल नंबर को ब्लैक लिस्टेड किया तो पीटा

**महासमुंद।** मोबाइल नंबर के ब्लैक लिस्टेड होने के बाद एक व्यक्ति द्वारा महिला के साथ उसके घर घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस को वार्ड नं 2 इमलीभाठा निवासी महिला ने बताया कि बीते डेढ़ वर्ष से गुल्लू निवासी हेम प्रकाश ढीढी से मेरी सोशल मीडिया से जान पहचान हुई थी और मोबाइल से आपस में बातचीत करते थे। लेकिन, प्रार्थिया ने कुछ दिनों से बातचीत करना बंद कर दी तथा आरोपी के मोबाईल नंबर को ब्लैक लिस्टेड कर दिया था। लेकिन, आरोपी अन्य नंबर से फोन करता था, जब उसने फोन करने के लिए मना किया तो आरोपी हेम प्रकाश ढीढी 9 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे उसके घर पहुंचा और मेरे साथ बातचीत नहीं करती हो, मेरा नंबर को ब्लैक लिस्ट में डाल दी हो कहते हुए गाली गलौज कर हाथ मुक्का व चप्पल से मारपीट करने लगा। मामले में रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### धर्म-कर्म : बजरंग दल ने निकाली शोभायात्रा, झांकी रही आकर्षण का केंद्र

# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, भंडारे में लिया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

श्री हनुमान जन्मोत्सव शुक्रवार को धूमधाम से मनाया जा रहा है। शहर के कचहरी चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर में सुबह से हनुमान जी के दर्शन, पूजा- अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। भक्त हनुमान चालीसा का पाठ करते नजर आए। लोग दूर-दूर से यहां पहुंचकर मनोकामना पूर्ति के लिए प्रार्थना करते रहे। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर विशेष तैयारी की गई। सुबह पूजा-अर्चना के बाद हवन-पूजन किया गया। बाद भंडारा शुरू हुआ, प्रसाद पाने श्रद्धालु पहुंचते रहे। मंदिर के पुजारी ने बताया कि शाम को श्री हनुमान जी की महाआरती हुई।



बता दें कि श्री हनुमान जन्मोत्सव पर बजरंग दल द्वारा शाम को शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा दुर्गा मंदिर बरौडा चौक से प्रारंभ होकर नेहरू चौक, अंबेडकर चौक विठोबा टॉकीज, नीलकंठ चौक, गांधी चौक से होते हुए राम मंदिर में रैली का समापन हुआ। इस दौरान महाकाल स्वरूप अघोरी नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या की चलित झांकी और अयोध्या में विराजमान मूर्ति की झांकी, राधारानी की झांकी, हनुमान जी की झांकी, नंदी पर सवार शिवजी की झांकी, नवरूप दुर्गा माता व काली माता के विकराल रूप का दर्शन हुआ।

### जन्मोत्सव पर हुए कार्यक्रम

ग्राम खरोरा के वार्ड नंबर 3 में हनुमान जन्मोत्सव के संबंध में महाराज संतोष आचार्य ने बताया कि हर वर्ष चैत्र शुक्ल की पूर्णिमा के दिन हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इसी पावन दिन त्रैता युग में हनुमान जी ने माता अंजनी की कोख से जन्म लिया था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हनुमान जी का जन्म सूर्योदय के समय हुआ था। इस दौरान लक्ष्मी चंद्राकर, ममता चंद्राकर, पूनम चंद्राकर, शिवकुमारी चंद्राकर रेखा चंद्राकर, माधुरी चंद्राकर, नीलम चंद्राकर, सरस्वती चंद्राकर, गिरजा चंद्राकर, कलेश्वरी चंद्राकर लोकेश चंद्राकर, अशोक चंद्राकर, बिसाहू राम चंद्राकर, युगल चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर शामिल रहे।



**महासमुंद।** हनुमान जयंती के अवसर पर शहर के बस स्टेण्ड स्थित लालवानी बिल्डिंग के पास शरबत एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य रुप से नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू, राहुल लालवानी, बलराम लालवानी, जितेंद्र चंद्राकर, ओम डोंगरे, सुंदर साहू एवं अन्य साथी मौजूद रहे।

## हनुमान जयंती के दिन सचिवों की हड़ताल को मिली संजीवनी

**नर्रा।** पंचायत सचिवों का हड़ताल 25 वें दिन भी जारी रहा। शनिवार तक शासन-प्रशासन से किसी प्रकार के सकारात्मक जवाब नहीं मिल पाने पर हड़ताल स्थल पर ही सचिवों ने हनुमान चालीसा का पाठ कर शासन को सद्बुद्धि मिले ऐसी प्रार्थना की। चालीसा पाठ के तत्काल बाद खबर मिली कि सहायक कृषि विस्तार अधिकारी तथा पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास विभाग ने सचिव पद के दायित्वों के निर्वहन में असमर्थता जताते हुए सीईओ जनपद बागबाहरा को पत्र सौंप दिया है, साथ ही कृषि विभाग के पदाधिकारी हड़ताली मंच पर आकर सचिव संघ को अपना समर्थन भी दिया। जो हड़ताली सचिवों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं था। आने वाले समय में रोजगार सहायक संघ, सहायक विकास विस्तार अधिकारियों द्वारा समर्थन हेतु आश्वासन दिया गया है। ऐसे में सचिवों को अन्य विभाग से समर्थन मिलने से शासन के मंसूबों पर पानी फिरता दिख रहा है।



# गांजा तस्करी कर रहे दो लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ओडिशा से छत्तीसगढ़ गांजा की तस्करी कर रहे दो लोगों को जिले की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 20 हजार रुपए कीमत का 8 किलो गांजा जब्त किया है।

सिंघोड़ा पुलिस ने बताया कि 12 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति एक सफेद कलर के महिंद्रा एक्सयूवी 500 कार क्रमांक सीजी 12 एई 0500 में अवैध मनोत्तेजक मादक गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने ग्राम रेहटीखोल में जाकर नाकाबंदी किया कुछ समय बाद मुखबीर के बताए हुलिए के अनुसार एक कार आती दिखाई दी, जो पुलिस को देखकर अपने गाड़ी को तेज गति से भागने लगे, जिन्हें हमराह स्टाफ के द्वारा दौड़कर पकडा गया।

पूछताछ में कार में बैठे लोगों ने अपने नाम बसंत कुमार जांगडे पिता विजय कुमार जांगड़े (36 साल) रघुनाथपुर थाना कवर्धा जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ और सुकदेव डिंडोरे पिता राजकुमार डिंडोरे ( 21 साल) मिनीमाता चौक वार्ड नंबर 17 कवर्धा थाना कवर्धा जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ा का निवासी होना बताए। पुलिस ने भागने का कारण पूछा तो आरोपियों ने कार में गांजा होना बताया।

कार की तलाशी लेने पर उसमें एक प्लास्टिक बोरी में 8 किलोग्राम मनोत्तेजक अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 1, 20, 000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों को धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया।

# कौंवाझर पंचायत सचिव की चल रही मनमानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम पंचायत कौंवाझर के सचिव द्वारा हड़ताल अवधि में सुशासन त्योहार एवं पंचायत प्रभार में उपस्थित होने की शिकायत पंचायत पदाधिकारियों ने की है। महासमुंद विकासखंड ग्राम पंचायत कौंवाझर के पंचायत सचिव रोहित कुमार जो कि सचिव संघ में हड़ताल में रहते हुए बिना कार्य के उपस्थित रहकर पंचायत प्रभार जिसे 1 माह पूर्ण शपथ समारोह के दिन देना था, नहीं दिया गया। वह शासन एवं संघ को गुमराह कर रहे हैं। प्रभार सूची में अनेक विसंगति है। 5 वर्ष में पूर्ण किए गए कार्य की राशि का आजपर्यंत भी भुगतान नहीं किया गया है। जिसमें वर्तमान में प्रदाय किया जाना कहकर गुमराह किया जा रहा है। संपूर्ण प्रभार एवं हिसाब ग्राम सभा के समक्ष ही लिए जाने की बात ग्रामवासियों द्वारा कही गई है।






## खबर संक्षेप

### प्रांताध्यक्ष के लिए मतदान आज

**महासमुंद।** पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष निर्वाचन 2025 की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, इसके लिए मतदान 13 अप्रैल को होगा। निर्वाचन अधिकारी द्वारा घोषित चरणबद्ध कार्यक्रम के तहत 20 मार्च को मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था तथा 29 मार्च को प्रांताध्यक्ष पद हेतु नामांकन भरा गया एवं 11 अप्रैल 2015 को मतदान सामग्री का वितरण किया जा चुका है। प्रांताध्यक्ष निर्वाचन हेतु मतदान 13 अप्रैल को 10 से 05 शाम तक निर्धारित है। मतदान केंद्र बेमचा स्थित गायत्री मंदिर परिसर को बनाया गया है। मतदान हेतु मतपेटी एवं मतदाता सूची तहसील मुख्यालय में भेजी जा चुकी है। प्रांताध्यक्ष निर्वाचन हेतु अंतिम रूप से तीन प्रत्याशी के. एल. टांडेकर, भैययाराम चंद्राकर और यशवंत दीवान मैदान में हैं। उक्त तीनों प्रत्याशियों के मध्य कड़ा मुकाबला है। तहसील अध्यक्ष रामकुमार साहू, उपाध्यक्ष चंद्रबदन मिश्रा, ग्रामीण उपाध्यक्ष गोर्वधन साहू, सचिव शिवकुमार साहू, कोषाध्यक्ष विनोद जोशी, संगठन मंत्री चमन साहू, भूषण भोसले, सहसचिव राधेश्याम दुबे, रमौतीन साहू, मधु शर्मा, नेहरू साहू, बोधन साहू, संतुराम साहू, चंदेल, आईएम कुरैशी, सीएल साहू, आदि प्रमुख पदाधिकारियों ने सभी पेंशनरों को चुनाव में भाग लेने की अपील की है। महासमुंद तहसील डीआर ध्रुव पीठासीन अधिकारी, राम कुमार साहू (शिक्षा विभाग) मतदान अधिकारी 1 एवं पुरुषोतम चंद्राकर मतदान अधिकारी क्र. 2 नियुक्त किए गए हैं।

### चोरी के आरोप में दो शातिर गिरफ्तार

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में दो माह पूर्व कुंभ स्नान करने गए परिवार के घर में धावा बोलकर पांच लाख रुपए से ज्यादा की नकदी तथा सोने-चांदी के जेवर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 60 हजार रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर जब्त किए हैं। चोरी के आरोप में पुलिस ने कुकुरबेड़ा निवासी साहिल सिंह ठाकुर तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। साहिल और उसके साथी ने नंदा तिवारी के घर चोरी की थी।

### पहले पेट्रोल डालने के विवाद पर पंप कर्मी को पीटा

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में एक पेट्रोल पंप के कर्मी ने एक युवक के खिलाफ पेट्रोल खरीदने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। भैंसथान स्थित आरएमआर पेट्रोल पंप के कर्मी ने मनोज शराबदी ने जुपिटर वाहन सीजी 15 डीके 3985 के चालक के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। कर्मी ने बताया कि उक्त जुपिटर वाहन के चालक ने अपनी गाड़ी में पहले पेट्रोल डालने की बात को लेकर विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की।

### केंद्रीय संयुक्त सचिव ने किया अस्पतालों का दौरा



**रायपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली से, छत्तीसगढ़ दौरे पर आए संयुक्त सचिव (पॉलिसी) सौरभ जैन ने विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। शुक्रवार 11 अप्रैल को वे जिला अस्पताल पंडरी, यूपीएससी राजातालाब एवं पीएससी मंदिर हसौद का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा अस्पताल में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, संस्था की साफ सफाई, बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, इनफेक्शन कंट्रोल, कर्मचारियों का हेल्थ चेकअप और स्वच्छता एवं अन्य समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी ली गई। साथ ही स्वास्थ्य संस्थानों में निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डा. मिथिलेश चौधरी, सिविल सर्जन डा. एसके भंडारी मौजूद थे।

# 12 दिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण का हुआ समापन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद की संयुक्त पहल के अंतर्गत छत्तीसगढ़ उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद 12 दिवसीय माइक्रो एंटरप्राइज डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत प्रत्येक दिवस उधमिता से संबंधित विषय विशेषज्ञों द्वारा छात्राओं को जानकारी प्रदान किया गया। जिसमें जिला उद्योग केंद्र महासमुंद से शशिकांत सिंह द्वारा उद्यमिता के लिए उद्योग केंद्र से मिलने वाली सहयोग प्रक्रियाओं और प्रोजेक्ट फॉर्मेट का विस्तार पूर्वक जानकारी छात्राओं को दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार उद्यम के लिए योजनाएं हैं जिससे लोग लाभान्वित हो सकते हैं और एक सफल उद्यमी बन सकते हैं। सही योजनाओं की जानकारी होना आवश्यक है किसी भी उद्यम को प्रारंभ करने के लिए। ईडीआईआई से विजय कुमार पांडे ने भी




अलग-अलग राज्यों में चल रही योजनाओं और कार्यक्रम की जानकारी छात्राओं को दी। साथ ही छात्राओं में उद्यम के क्षेत्र में आगे बढ़ने की अलख जगाते हुए लोगों को भी स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के लिए कहा। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत औद्योगिक भ्रमण के लिए छात्राओं रातु सरिया उद्योग लिमिटेड एवं मां लक्ष्मी फूड बिरकोनी ले जाया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस बी कुमार के निर्देशन में यह कार्यक्रम संचालित किया गया। कार्यक्रम के समापन दिवस में भूगोल विभाग के विभाग अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल ने छात्राओं को उद्बोधित करते हुए कहा कि आप लोगों मैं उद्यमिता की जो अलख जागी है उसे बुझाने ना दे कोई भी प्रशिक्षण कोई भी व्याख्यान कुछ ना कुछ हमें सीख देकर जाता है। यह आपके जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण प्रशिक्षण था इससे आप जीवन भर लाभान्वित रहेंगे साथी उन्होंने ऐसे आयोजन के लिए समन्वयक को बधाई दिया। साथ ही विज्ञान संकाय की विभाग अध्यक्ष डॉ. सुलताना नगर ने छात्राओं को उद्बोधित करते हुए कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता आप इस प्रशिक्षण के माध्यम से स्वयं और अपने घर वालों की भी उद्यम में सहायता कर सकते हैं कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समन्वयक डॉ सरस्वती वर्मा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में अन्य प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। साथ ही प्रगति, शीतल, विद्या, डोमेश्वरी, तेजस्वी, मेघा, अनुराधा, रेनू, ज्योति, गीतांजलि, पल्लवी, हिमांशी, दामिनी, माधुरी, त्रिपाली, डोली, केकती, खुशबू, मनीषा, प्रीति, नेहा, निकिता, चांदनी, प्रीति, खुशबू, ईशा, रितु एवं अन्य छात्राएं उपस्थित होकर इस प्रशिक्षण से लाभान्वित हुए। छात्राओं ने अपने इस प्रशिक्षण का अनुभव भी अतिथि गणों के मध्य साझा किए। कार्यक्रम की समन्वयक डाक्टर सरस्वती वर्मा ने आभार व्यक्त किया।

### मैगनीज अयस्क में मिलावट और चोरी की शिकायत पर दो ड्राइवरों के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विशाखापटनम पोर्ट से रायपुर लाए जाने वाले मैगनीज अयस्क में मिलावट व चोरी करने की शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने दो ट्रक ड्राइवरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

कोतवाली पुलिस में शिकायत करते हुए विवेक अग्रवाल निवासी आनंदम वर्ल्ड सिटी कचना ने बताया कि वह जय जगदीश ट्रांसपोर्ट रायपुर में भागीदार है और रायपुर स्थित हीरा ग्रुप के लिए अधिकृत ट्रांसपोर्टर विशाखापटनम पोर्ट से उनके प्लांट तक आयातित ग्रेड मैगनीज अयस्क का परिवहन करते हैं। शिकायत में पुलिस को बताया गया है कि 12 फरवरी को विशाखापटनम पोर्ट से ट्रक सीजी 06 जीवाय 8184 एवं सीजी 06 जीजेड 6488 से सामान लोड कर हीरा फैरो एलयाज एवं हीरा पावर लिमि रायपुर में लाया गया था, प्लांट से क्वालिटी रिपोर्ट चेक करने पर माल ट्रक में लोड करने से पूर्व किए गए क्वालिटी रिपोर्ट में अंतर पाया गया। जिसकी जांच पर पता चला कि उक्त ट्रक के ड्रायवरों के द्वारा सामग्री की चोरी और मिलावट की जा रही है। साथ ही जीपीएस सिस्टम और कुछ वाहनों में स्थापित कैमरों के माध्यम से पता चला कि ड्राइवर ने कुछ खास समय के लिए कैमरा को ढंक दिया। साथ ही, जीपीएस विश्लेषण से पता चला कि वाहन का कई बार एक राइस मिल और एक पत्थर क्रशर एवं सड़क निर्माण प्लांट के बीच काफी आवागमन रहा। पुलिस ने मामले में शिकायत पर दोनों ट्रक के ड्राइवरों के खिलाफ धारा 318(4), 316(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है

## उप मुख्यमंत्री ने की नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा

# एक्शन-प्लान बनाकर नगरीय निकायों के अधूरे काम समय पर करें पूरा : साव

**नालंदा परिसरों और अटल परिसरों का निर्माण तेजी से करें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने रायपुर के सिविल लाइन स्थित नीर भवन में आयोजित बैठक में नगरीय निकायों में प्रगतिरत एवं अपूर्ण कार्यों को एक्शन-प्लान बनाकर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न शहरों में निर्माणाधीन नालंदा परिसरों तथा अटल परिसरों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. और संचालक आर. एक्का भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

### बदलनी है शहरों की सूरत और सीरत

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों से कहा कि हमें शहरों की सूरत एवं सीरत को बदलना है। नगरीय प्रशासन की व्यवस्था व्यवस्थित शहर के मापदंडों के अनुरूप हो, इसके लिए हमें आगे बढ़कर काम करने की आवश्यकता है। नगरीय प्रशासन की टीम अच्छा काम करेगी, तो कार्यों का क्रियान्वयन भी धरातल पर दिखेगा। उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप शहरों के विकास में अपने अनुभव का पूरा उपयोग करें। आपके अनुभव का पूरा लाभ शहरवासियों को मिलना चाहिए। विभाग का काम एक मिसाल के तौर पर स्थापित हो, यह मेरी आप लोगों से अपेक्षा है।



*अधूरे कार्यों पर जताई नाराजगी : उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा संचालित केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं के साथ ही नगरीय निकाय चुनाव में जारी घोषणा पत्र, निकायों के कामकाज तथा विधानसभा में दिए गए आश्वासनों पर विभागीय कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न नगरीय निकायों में अपूर्ण और लंबित कार्यों पर नाराजगी जाहिर करते हुए इन कार्यों की पूर्णता की समय-सीमा तयकर एक्शन प्लान बनाकर निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री साव ने अटल परिसरों के निर्माण की असंतोषजनक प्रगति पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इसमें विलंब करने वाले निकायों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। श्री साव ने विधानसभा में प्रस्तुत सीएजी रिपोर्ट एवं उनकी अनुशंसा के अनुसार यथोचित कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने नगरीय निकायों के विद्युत देयकों का भुगतान 15वें वित्त आयोग के अनटाइड फंड से करने तथा निकायों में एनर्जी ऑडिट करने के भी निर्देश दिए।*

*जल प्रभारी को नोटिस : श्री साव ने आमदी नगर पंचायत में दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जल प्रभारी को नोटिस जारी करने के निर्देश बैठक में दिए। सुडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शशांक पाण्डेय, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुष्यंत कुमार रायस्त, नगरीय प्रशासन विभाग के अपर संचालक पुलक भट्टाचार्य, मुख्य अभियंता राजेश शर्मा, सुडा के उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील अग्रहरि, सचित साहू एवं उप महाप्रबंधक रमेश सिंह सहित नगरीय प्रशासन विभाग एवं सुडा के अधिकारी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।*

### साव बोले- सड़कें टिकाऊ हों और बार-बार मरम्मत की जरूरत न पड़े

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नए कार्यों के साथ ही सड़कों की मरम्मत की गुणवत्ता पर भी खास ध्यान देने को कहा, ताकि सड़कें टिकाऊ हों और बार-बार मरम्मत की जरूरत न पड़े। उन्होंने अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता और सक्रियता से करने के निर्देश देते हुए कहा कि वे किसी भी कार्य या कार्यालय के औचक निरीक्षण के लिए किसी भी दिन पहुंच सकते हैं। विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के परिणाम धरातल पर दिखने चाहिए। श्री साव ने यह बात लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने राजधानी रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आयोजित बैठक में प्रदेशभर में चल रहे सड़क, पुल-पुलिया, भवन निर्माण एवं सड़क मरम्मत के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विभाग के कार्यों में कसावट लाने के साथ ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समय-सीमा में काम पूरा करने और प्रभावी कार्य पद्धति अपनाने पर जोर दिया। सूत्रों के अनुसार, समीक्षा के दौरान यह जानकारी भी सामने आई कि 130 सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता कमजोर है। इन सड़कों का गुणवत्ता परीक्षण 72 घंटे में करने के लिए कहा गया है।

**हर हफ्ते करें कार्यों की समीक्षा** : उप मुख्यमंत्री श्री साव ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्यों की प्रगति की हर सप्ताह समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को फील्ड पर उतरकर कार्यों पर कड़ी नजर रखने तथा अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में करने को कहा।

### जिलाध्यक्ष ने 61 पदाधिकारियों को हटाया, 16 को नोटिस, कहा- एनएसयूआई मस्ती का मंच नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कांग्रेस में निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाने की कवायद शुरू
- एनएसयूआई से शुरुआत, पहली बार इतनी बड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई

एनएसयूआई में बड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए 61 पदाधिकारियों को उनके पद से हटा दिया गया है। इसके अलावा रायपुर जिले के 16 पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शांतनु झा द्वारा यह कार्रवाई की गई है। छात्र संगठन का कहना है कि यह कार्रवाई उन पदाधिकारियों पर की गई है जो संगठनात्मक गतिविधियों से लंबे समय से दूरी बनाकर निष्क्रिय बने हुए थे। जिलाध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया, कुछ पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से पद से मुक्त किया गया है, जबकि कुछ को अंतिम अवसर देते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह कार्यवाही न तो व्यक्तिगत है और न ही भावनात्मक। यह पूरी तरह संगठन की गरिमा, अनुशासन और सक्रियता के आधार पर की गई है। हटाए जाने वाले पदाधिकारी उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर थे।

**किए जाएंगे बड़े बदलाव**

आने वाले समय में संगठन के भीतर और भी बड़े बदलाव किए जाएंगे, जिससे एनएसयूआई एक अनुशासित, सक्रिय और विचारशील इकाई के रूप में खड़ा हो सके।

\- शांतनु झा, जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई

## रेलवे में पहली बार जनदर्शन : यात्रियों ने उठाए मुद्दे कार्य में कोताही पर अधिकारी ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रायपुर व दुर्ग स्टेशन पर रेलवे स्टेशन व ट्रेन में होने वाली समस्याओं को दूर करने अधिकारियों ने यात्रियों की सुनी

यात्रियों को होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए पहली बार शुक्रवार को रायपुर और दुर्ग में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने यात्रियों, वेंडर्स, कुलियों और पार्सल लीज होल्डर्स से उनके अनुभव और समस्याएं सुनीं। इस दौरान यात्रियों ने स्टेशन पर मोबाइल चोरी की घटनाओं में वृद्धि की शिकायत की। आवेदक ने दो मोबाइल चोरी की घटनाओं का भी उल्लेख किया। इस पर सीनियर डीसीएम ने तुरंत संज्ञान लेते हुए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

उन्होंने डार्क एरिया में सीसीटीवी कैमरे लगाने, ट्रेनों में आरपीएफ और जीआरपी की गश्त बढ़ाने और टीटीई स्टाफ को चोरियों के प्रति सतर्क रहने की दिशा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लिया और यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा को प्राथमिकता देने के लिए तत्काल सुधारात्मक उपायों की आवश्यकता जताई।



### नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग

जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने यात्रियों की शिकायतें और सुझावों को ध्यान से सुना और इन्हें कागज पर नोट किया। यात्रियों ने स्टेशन और ट्रेनों में सफाई की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करने, महिला प्रतीक्षालय में पुरुषों के बैठने की समस्या को लेकर सख्ती से पालन कराने की मांग की। यात्रियों का कहना था कि रेलवे ने महिलाओं के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की है, लेकिन पुरुषों द्वारा इस जगह पर बैठने की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे महिलाओं को असुविधा होती है।

### सभी रूट में थर्ड जेंडर करते हैं परेशान

यात्रियों ने ट्रेनों में सफर के दौरान थर्ड जेंडर से होने वाली परेशानियों का मुद्दा भी उठाया, जो कि सभी रूट की ट्रेनों में सामान्य समस्या बन गई है। साथ ही, स्टेशनों और ट्रेनों में नियमित सफाई की भी आवश्यकता जताई गई। पेयजल की व्यवस्था, खानपान सेवाओं की गुणवत्ता, और अन्य सुविधाओं पर भी चर्चा की गई, ताकि यात्रियों को बेहतर सेवा मिल सके।

# अवैध कब्जे हुए तो जोन कमिश्नर सहित ईई-एई को देना होगा जवाब

- विधायक राजेश मूणत ने की पार्षदों की मौजूदगी में 20 वार्डों के कामों की समीक्षा
- अवैध प्लाटिंग पर विशेष नजर रखें- मीनल चौबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने शुक्रवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के 20 वार्डों के कार्यों की समीक्षा की। इसके लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में सभी वार्ड के पार्षदों सहित नगर निगम की महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड़, नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू, आयुक्त विश्वदीप सहित एमआईसी सदस्य भी मौजूद रहे।

बैठक में उन्होंने दो टूक में कहा कि किसी भी वार्ड में अवैध कब्जा होता है, तो इसका जवाबदेह जोन कमिश्नर के साथ उस क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता और सहायक अभियंता होंगे, जिसका उन्हें जवाब देना होगा। इस बैठक में महापौर मीनल चौबे ने भी कहा कि अवैध प्लाटिंग पर विशेष नजर रखें और तत्काल रोक लगाते हुए कार्रवाई करें। विधायक राजेश मूणत ने बैठक में सफाई व्यवस्था सुधारने एवं पेयजल आपूर्ति सुगमता हो। इसे प्राथमिकता बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि सफाई के कार्य से जुड़े कर्मचारियों की बायोमेट्रिक अटेंडेंस सहित उनके द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी विवरण फोटो प्रमाण सहित रखना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

### जोन प्लान बनाने दिए निर्देश

विधायक ने शहर में जोन प्लान बनने पर जोर दिया। इस प्लान से शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने की परिकल्पना साकार करने के कार्य में तेजी आएगी। उन्होंने अवैध अतिक्रमण और अवैध प्लाटिंग पर लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करने निर्देश दिए। उन्होंने जोन कमिश्नरों एवं अधिकारियों को अवैध पार्किंग पर कार्रवाई करने एवं गोडाउन बनाकर रखे पार्किंग क्षेत्रों को गोडाउन हटाकर कब्जामुक्त कराने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पिछले वर्ष में स्वीकृत कार्यों में जो अब तक अपूर्ण हैं, उन्हें 15 जून तक पूर्ण करने के लिए कहा है।





### इन मार्गों को विकसित करने दिए सुझाव

राजेश मूणत ने बैठक में जीई मार्ग, कोटा मुख्य मार्ग, आमानाका रोड, केनाल लिंकिंग रोड, खालबाड़ा से अशोक नगर जाने वाले मार्ग, डंगनिया मार्ग को स्मार्ट रोड की तरह विकसित करने जनहित में सुझाव भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि इन मार्गों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्तकर और पार्किंग की व्यवस्था कर स्मार्ट रोड बनाया जाए।

## डीडीनगर थाना क्षेत्र में सात वर्ष पूर्व की घटना

# एमआईसी मेंबर के पति समेत दो को पांच वर्ष कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जमीन सीमांकन करने आए राजस्व निरीक्षक का बेस बॉल बैट से तोड़ा था हाथ दी थी धमकी

डीडीनगर थाना क्षेत्र में सात वर्ष पूर्व राजस्व निरीक्षक के साथ मारपीट करने के मामले में कोर्ट ने दो लोगों को पांच वर्ष कैद तथा छह हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि नहीं पटाने पर कोर्ट ने आरोपियों को छह माह अतिरिक्त कैद की सजा सुनाई है। जिन लोगों को कोर्ट ने सजा सुनाई है, उनमें एक आरोपी एमआईसी मेंबर सरिता दुबे का पति है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मधुसूदन चंद्राकर की कोर्ट में हुई है। सजा सुनाए जाने के बाद दोनों आरोपियों को जेल दाखिल कर दिया गया है। बचाव पक्ष के वकील एसके फरहान ने बताया कि निचली अदालत में सजा सुनाए जाने के बाद हाईकोर्ट में अपील करेंगे, साथ ही मंगलवार को हाईकोर्ट में जमानत आवेदन पेश करेंगे। लोक अभियोजक विजय कुमार यादव के मुताबिक कोर्ट ने आकाश दुबे तथा श्याम प्रकाश साहू को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। दोनों के खिलाफ 29 अगस्त 2018 को राजस्व निरीक्षक किशोर कुमार वर्मा ने डीडीनगर थाने में राजेंद्र कुमार वर्मा के साथ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई थी।

**यह है पूरा मामला**

जयनारायण शुक्ला ने तहसील कार्यालय में रिंग रोड एक स्थित एक जमीन का सीमांकन करने आवेदन पेश किया था। आवेदन के आधार पर तहसीलदार के आदेश पर राजस्व निरीक्षक किशोर वर्मा, राजेंद्र चंद्राकर, जागेश्वर नागतोड़े तथा पटवारी नरेंद्र पाण्डेय की टीम मौके पर सीमांकन करने पहुंची थी। टीम द्वारा मौके पर जब सीमांकन कार्य किया जा रहा था, इस बीच आकाश दुबे अपने साथी श्याम प्रकाश के साथ मौके पर पहुंचा और टीम के साथ बदसलूकी कर गाली-गलौज करने लगा। राजेंद्र ने गाली-गलौज करने का विरोध किया, तो आकाश ने राजेंद्र को उनका ट्रांसफर दंतेवाड़ा कराने की धमकी देते हुए अपने पास रखे बेस बॉल के बैट से हमला कर दिया। बेस बॉल बैट के हमले से राजेंद्र का हाथ टूट गया। कोर्ट ने 15 गवाहों के बयान के आधार पर आकाश तथा श्याम प्रकाश को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है।



**महासमुंद।** गुरु घासीदास बस स्टैंड स्थित श्री हनुमान मंदिर में बस स्टैंड युवा समिति द्वारा प्रसाद वितरण किया गया।

### संप्रेक्षण गृह में भाई को परेशान नहीं करने की चेतावनी देते हुए युवक ने फेंका दिवाली बम

**रायपुर।** फिल्मी अंदाज में संप्रेक्षण गृह प्रबंधन को अपने भाई को सुविधा उपलब्ध कराने के साथ किसी तरह से परेशान नहीं करने की चेतावनी देते हुए एक युवक द्वारा दिवाली बम के साथ धमकी भरा पर्चा फेंकने की घटना सामने आई है। बम फेंकने की घटना बुधवार की बताई जा रही है। संप्रेक्षण गृह में बम तथा पर्चा फेंकने के आरोप में पुलिस ने तेलीबांधा थाना क्षेत्र के पुराने रिकार्डेड बदमाश को गिरफ्तार किया है। संप्रेक्षण गृह में बम फेंकने के आरोप में पुलिस ने आकाश विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। संप्रेक्षण गृह प्रबंधन ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को संप्रेक्षण गृह के बाहर धमाका हुआ। धमाके की आवाज सुनकर संप्रेक्षण गृह के सुरक्षा में तैनात जवानों ने बाहर निकलकर देखा, तो उन्हें संप्रेक्षण गृह परिसर के पास एक पर्चा मिला। पर्चा में आकाश ने संप्रेक्षण गृह में रहने वाले अपने भाई को जबरन परेशान करने का आरोप लगाया। पर्चा में आकाश ने अपने भाई को संप्रेक्षण गृह में सभी तरह की सुविधा उपलब्ध कराए जाने का उल्लेख किया है।

## खबर संक्षेप

### वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर पौने सात लाख ठगे

**रायपुर।** कबीर नगर थाने में एक युवक ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर पौने सात लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हीरापुर निवासी संतोष कुमार राजपूत ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। संतोष ने पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने उसे कॉल कर वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा। इसके बाद टास्क पूरा करने का झांसा देकर किस्तों में पौने सात लाख रुपए ठग लिए।

### गाड़ी चलाने के विवाद पर युवक से मारपीट

**रायपुर।** गोलबाजार थाने में एक युवक ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ गाड़ी चलाने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। खम्हारडीह निवासी अभिषेक डडसेना ने मारपीट करने की शिकायत की है। अभिषेक ने पुलिस को बताया कि किरण बिल्डिंग के सामने तीन युवकों ने उसका रास्ता रोककर गाड़ी ठीक से चलाने की बात को लेकर विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की।

# हनुमान जन्मोत्सव पर भक्ति में रंगा पिथौरा, मंदिरों में उमड़ा जनसैलाब





हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर पिथौरा नगर सहित अंचल में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व पूरे श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातःकाल से ही नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया था। हर गली, हर चौक और मंदिर प्रांगण में गूंजती हनुमान चालीसा और जयकारों ने माहौल को दिव्यता से भर दिया।

नगर के प्रमुख एवं प्राचीनतम हनुमान मंदिर, जो मुख्य बाजार में स्थित है, वहां विशेष पूजा-अर्चना, भव्य श्रृंगार और दीपमालिका के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने दर्शन लाभ लिया और महाप्रसादी ग्रहण की। जनपद परिसर हनुमान मंदिर में पार्षद कौशल दास मानिकपुरी के नेतृत्व युवाओं के द्वारा शरबत का वितरण किया गया।

नगर के अन्य प्रमुख हनुमान मंदिरों जैसे—लहरौद चौक, जनपद परिसर, अस्पताल परिसर, मंडी परिसर और पुराना कॉलेज परिसर स्थित मंदिरों में भी दिनभर पूजन, हवन और भंडारे का सिलसिला चलता रहा। हर स्थान पर भक्तों की लंबी कतारें, सेवा में जुटे स्वयंसेवक, प्रसाद वितरण और गूंजते भजन—यह दृश्य नगर को धार्मिक आभा से सराबोर कर रहा था।

सभी मंदिरों में पुजारियों द्वारा विशेष रूप से हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड का पाठ और जलाभिषेक विधिपूर्वक किया गया। बजरंग बली को बंदन, फूल-माला, नारियल, और तेल अर्पण कर श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य के प्रति अपनी भक्ति प्रकट की।

इस अवसर पर नगरवासियों की सहभागिता और सेवा भावना विशेष रूप से देखने को मिली। युवा वर्ग ने भी आयोजन में बढ़-चढ़कर योगदान दिया। मंदिर समिति, सामाजिक संस्थाओं और भक्तगणों के समन्वय से यह पर्व अत्यंत सफल और अनुकरणीय बना। हनुमान जन्मोत्सव के इस भव्य आयोजन ने न केवल धार्मिक चेतना को जागृत किया, बल्कि सामूहिक सौहार्द और परंपराओं से जुड़ाव को भी प्रगाढ़ किया।



### हनुमान जन्मोत्सव पर हवन पूजन के साथ महाभंडारा का आयोजन

**सरायपाली।** वनविभाग के सामने स्थित मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर विविध अनुष्ठान किया गया। इस बार हनुमान जयंती पर 57 साल बाद पंचग्रही योग का दुर्लभ संयोग रहा। साथ ही संयोग राज योग में वृद्धि करने वाला रहा। पंचग्रही दुर्लभ संयोग की सिद्धि के लिए मंदिर परिसर पर स्थित हनुमान जी के विग्रह की विशेष आराधना की गई। मंदिर समिति द्वारा एक दिन पूर्व ही मंदिर परिसर पर श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ जारी रहा। मंदिर में सुबह 5.30 बजे दुग्धाभिषेक, श्रृंगार आरती, 11बजे हनुमान सहस्त्रनाम से सामूहिक हवन पश्चात महा भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। इसके अलावा अन्य भक्तों के द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम में शामिल हुए नपा उपाध्यक्ष राठी



**महासमुंद।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बेलसोंडा स्थित नगर पालिका के फिल्टर प्लांट के हनुमान मंदिर, वार्ड नं. 14 के हनुमान मंदिर, वार्ड नं. 16 स्थित गौरा चौरा में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, नगर पालिका के पार्किंग स्थल के मंदिर एवं मोंगरा स्थित आदिश्वर राईस मिल में हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी शामिल होकर पूजा अर्चना की। उपाध्यक्ष राठी कहा कि भगवान हनुमान के जीवन से हमें वीरता की सीख मिलती है। उनकी राम भक्ति विश्व प्रसिद्ध है। वे अष्टसिद्धि नवनिधि के रूप में पूजे जाते है इनका वेग पवन के समान है। हमें उनके जीवन से प्रेरणा मिलती है कि निष्ठा, भक्ति, वीरता और बुद्धिमता को अपनाएं तथा जीवन को सार्थक करें। उन्हें अमरत्व का वरदान प्राप्त है इसलिए आज भी वे हमारे बीच में है।



### अध्यक्ष साहू ने हनुमान जन्मोत्सव पर की पूजा-अर्चना

**महासमुंद।** पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने हवन पूजन कर नगर के विकास एवं सुख समृद्धि की कामना मांगी। पुराना सिविल लाइन स्थित नगर पालिका के पार्किंग स्थल में विराजित हनुमान मंदिर में नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा हनुमान जी जन्मोत्सव के अवसर पर अभिषेक, विशेष पूजा हवन, आरती कर भोग प्रसादी का वितरण किया गया। साथी ही श्रीराम-कृष्ण भजन मंडली द्वारा सुमधुर भजन प्रस्तुत किया गया। उक्त अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा हवन आरती में शामिल होकर हनुमान जी के सामने माथा टेकते हुए नगर के विकास एवं सुख समृद्धि के लिए हनुमान जी से आशीर्वाद मांगा गया। उक्त का अवसर पर उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षद गुलशन साहू, पार्षद राहुल आवड़े, पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, पूर्व पार्षद रिंकू चंद्राकर, इंजीनियर एसडी शर्मा, कर्मचारी नेता सुरेश तिवारी, ललित साहू, जितेंद्र मोहंती, दुर्गेश कुंजेकर, करण यादव, सीताराम चेलक, नरेश ध्रुव सामाजिक कार्यकर्ता रत्नेश साहू, नितेश पटेल , मोहन मानिकपुरी सहित पालिका प्लेसमेंट कर्मचारियों व स्वच्छता दीदी उपस्थित थे।










## खबर संक्षेप



### परिवार के बच्चों और सदस्यों को संस्कारवान बनाएंः अशवंत साहू

**महासमुंद।** महासमुंद विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम कांपा में भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती में शामिल हुए भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कहा कि माता भक्त कर्मा का जीवन हम सभी को मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस अवसर पर समाज की वर्ष भर की संपूर्ण गतिविधियों की समीक्षा की जानी चाहिए और जिन क्षेत्रों में समाज एवं समाज के लोग आगे बढ़े हैं, उन्हें रेखांकित किया जाना चाहिए।

### सोनदादर के जलज का एनडीए में हुआ चयन

**बागबाहरा।** ग्राम सोनददार



बागबाहरा के होनहार छात्र जलज चंद्राकर का प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में चयन हुआ है। जलज, सोनदादर निवासी मनोज चंद्राकर और राधा चंद्राकर के सुपुत्र है। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा कार्मेल कॉन्वेंट बागबाहरा इसके बाद माध्यमिक शिक्षा सैनिक स्कूल अंबिकापुर से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की और हमेशा एक मेधावी छात्र रहे हैं। उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ, जलज खेलकूद और अन्य पाठ्येतर गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेते रहे हैं।

### परसुली में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण समारोह आज

**नर्रा।** कोसरिया मरार पटेल समाज



नर्रा के अतर्गत ग्राम परसुली में विधायक मद से 5.00 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम आज होने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारिकाधीश यादव विधायक खल्लारी होगें। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पुरुषोत्तम पटेल अध्यक्ष नर्राराज करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में क्षेत्र के जनपद सदस्य लोचन पटेल एवं अति विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में सरपंच जलसिंह चक्रधारी, ग्राम पं. परसुली सरपंच प्रभा परमेश्वर पटेल, ग्राम पंचायत परकोम पूर्व सरपंच मोतिन आनंद चक्रधारी, परसुली पूर्व जनपद सदस्य उमेश जैन नर्रा एवं पूर्व सरपंच किशोर चतुर्वेदी ग्रा. पं परकोम आदि होंगे।

## निधन

### हरिनारायण दीक्षित

**तेंदूकोना।** ग्राम तेंदूकोना के वरिष्ठ



नागरिक हरिनारायण दीक्षित का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार सुबह को गृह ग्राम में किया गया। वे कन्हैया दीक्षित व बलराम दीक्षित के पिताजी थे। श्री दीक्षित के निधन पर दिनेश अग्रवाल, राम किशोर ध्रुवंशी, विलास नायक, आशीष शुक्ला, येतन साहू, गोविंद सेन, अनिल सोनी, अशोक साहू, कमलेश साव, रामलाल बरिहा, भोला सिन्हा, दीपक पटेल, नीलू साहू तेजन साहू, लाला साहू आदि ने शोक जताया है।

## आयोजन : भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन हुआ

# सदस्यों की सक्रियता से पूरा होगा विकसित भारत का निर्माणः विधायक योगेश्वर






**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

भाजपा सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन जिला भाजपा कार्यालय में हुआ। जिसमें विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, विधानसभा सह संयोजक संदीप दीवान, वरिष्ठ भाजपा नेता माधव टांकसाले, जिला मंत्री निरंजना शर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, दिग्विजय साहू, डिगेश्वरी चंद्राकर, तेजेंद्र शर्मा, कार्यक्रम के शहर संयोजक मीना वर्मा, मंडल सहित वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शहर मंडल के सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के सुशासनकाल में हुए विकास यात्रा पर कहा कि भाजपा मूल रूप से कार्यकर्ताओं पर आधरित राजनैतिक दल है जहां परिवारवाद नहीं है और एक साधारण सा कार्यकर्ता भी पार्टी के सर्वोच्च पद पर आसीन होता आया है। भाजपा की रीति नीति और सिद्धांतों के प्रति हम सभी की निष्ठा और समर्पण और विश्वास है। आप सभी के सक्रियता से ही हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्पूर्ण विकसित भारत विजन 2047 के संकल्प को पूरा करने में सहभागी बनेंगे।

पूर्व विधायक प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा ने भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाये परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा के इस ऐतहासिक सफर और सुशासन काल में पार्टी के संस्थापक महापुरुषों के त्याग, तपस्या और बलिदान ने भाजपा के सशक्त, मजबूत नींव की पत्थर के रूप में आधार शिला का काम किया है और कार्यकर्ताओं की लगन, उत्साह और परिश्रम से ही सत्ता को सेवा का साधन के रूप में परिवर्तित करने में हम सफल हुए है

संदीप दीवान ने कहा सभी सदस्यों की सक्रियता पार्टी के प्रति समर्पण निष्ठा के साथ भाजपा राष्ट्र और जनकल्याण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है। प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय का सुशासन प्रदेश की जनता के उन्नति, प्रगति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। सत्ता और संगठन के बीच की कड़ी के रूप में भाजपा के कार्यकर्ताओ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कार्यकर्ता सम्मेलन में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता माधव टांकसाले, प्रभा साहू, नारेंद्र गिरी, सुजाता विश्वनाथन सहित अनेकों कार्यकर्ताओं का श्रीफल और गमछा भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन का संचालन मंडल पदाधिकारी हनीश बग्गा और आभार शहर संयोजक पूर्व पार्षद मीना वर्मा ने किया। सम्मेलन में प्रमुख रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, मंडल महामंत्री एम आर विश्वनाथन सहित भाजपा और मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी प्रमुख पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य, जनप्रतिधिगण और सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# उपचार की राशि नहीं मिलने से भटक रही महिला ने पूर्व विधायक को बताई समस्या




**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

गरियाबंद जिले के ग्राम रोबा फिंगेश्वर निवासी सरिता साहू ने पूर्व विधायक एवं प्रदेश संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा डॉ. विमल चोपड़ा से मिलकर अपनी समस्याएं बताते हुए कहा कि उपचार हेतु राशि स्वीकृत कराने के लिए वह कई महीने से राज्य नोडल एजेंसी के चक्कर काट रही है। परंतु राशि स्वीकृत नहीं हो पा रहा है। सरिता साहू ने बताया कि वह हृदय से संबंधित गंभीर बीमारी एऑर्टिक डिसेक्शन विथ एन्यूरिज्मल डीलेटेशन से ग्रस्त है, जिसका उपचार एम्स रायपुर में होना है। उपचार हेतु एम्स रायपुर द्वारा 5,25,200 रुपए की राशि का अनुमानित खर्च दिया गया था, किंतु राज्य नोडल एजेंसी द्वारा कई महीनों से राशि सेंक्शन नहीं किए जाने के कारण एम्स रायपुर द्वारा उपचार नहीं किया जा रहा है।

उपचार हेतु राशि स्वीकृति पर हेतु डॉ. चोपड़ा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को साधुवाद ज्ञापित किया। डॉक्टर चोपड़ा ने कहा की सरिता साहू को अब शासन द्वारा उपचार की अनुमानित राशि से अधिक राशि स्वीकृत कर दिया गया है।

## दादा नकुल देव ढीढी के सपने पूरा करने का लिया संकल्प



**महासमुंद।** गुरु घासीदास बाबा जी के जयंती की शुरुआत करने वाले समाज के पुरोधा मंत्री नकुल देव ढीढी की 111 वीं जयंती मनाई गई। सतनामी समाज खट्टी परिक्षेत्र की वार्षिक आमसभा एवं पदाधिकारियों की पुनर्गठन बैठक में सबसे पहले परिक्षेत्र अध्यक्ष कृष्ण कुमार नारंग, सचिव देवकुमार जोशी व कोषाध्यक्ष खोमन मार्कडेय ने पांच वर्ष की प्रतिवेदन व आय व्यय प्रस्तुत किया। तत्पश्चात कार्यकाल पूर्ण होने पर नये पदाधिकारियों के चुनाव हेतु प्रस्ताव रखा गया। जिस पर चुनाव अधिकारी चिंता साय, गणेश टंडन ने लोगों की राय अनुसार पदाधिकारियों का पुनर्गठन किया।

## अरंड व पचेड़ा के मानस गान समारोह में शामिल हुए नपाध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

ग्राम पचेड़ा व अरंड में आयोजित राम चरित मानस गान कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। दोनों ग्रामों के आयोजन स्थल पर आयोजकों व ग्रामीणों द्वारा साहू का राम दरबार व श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया। श्री साहू ने भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर अंचल व जिलेवासियों की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद



मांगा। उन्होंने दोनों ग्रामों के ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से वातावरण शुद्ध रहता है। भगवान श्रीराम ने मर्यादित जीवन व्यतीत कर समस्त मानव जाति को मर्यादा में रहने की सीख दी। भगवान श्रीराम का हमारे छत्तीसगढ़ से गहरा नाता है। उन्होंने अपने वनवास काल का अधिकतर समय दंडकारण्य में गुजारा है। जो आज छत्तीसगढ़ के हसदेव जंगल क्षेत्र में आता है। माता कौशल्या छत्तीसगढ़ की बेटी है। ऐसे पावन भूमि में हम निवास करते हैं यह हमारा सौभाग्य है। उन्होंने अरंड व पचेड़ा के ग्रामीणों को भक्तिमय कार्यक्रम के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर पार्षद ने मंदिरों में टेका मत्था



**महासमुंद।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर स्थानीय वार्ड न 14 एवं 15 में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व पार्षद भाऊ राम साहू ने हनुमान जी की पूजा अर्चना कर शहर वासियों की खुशहाली की कामना की। इस दौरान मुख्य रूप से प्रहलाद यादव, नरेश निषाद, सुरेश निषाद, कमल महाराज सहित वार्ड न 14 व 25 के लोग मौजूद थे।

# बरबसपुर में त्रिदिवसीय अखंड रामायण पाठ समारोह का समापन हुआ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी**

धर्म ग्राम बरबसपुर में 8 अप्रैल मंगलवार से 11 अप्रैल तक समस्त ग्राम वासियों द्वारा बाजार चौक में त्रिदिवसीय अखंड रामायण पाठ समारोह का हवन पूजा के साथ समापन संपन्न हुआ। जिसमें जिले व बाहर के 18 मंडलियों द्वारा अपना मानस गान प्रस्तुत किया गया। आचार्य संतोष शर्मा ने विधि विधान से हवन पूजन के साथ समापन कराया। संध्या जय गुरुदेव आराधना, तुलसी के बिरवा



नागमुंडा व जय गुरु देव संकीर्तन मानस, ग्रामीण मानस मंडलियों ने दर्शकों को भावविभोर प्रस्तुति में बताया कि भगवान हमारे आदर्श है। हमें उन्होंने जीवन के मूल्यों को सिखाया है। जीवन में कोई भी परिस्थिति हो लेकिन व्यक्ति को उसका सामना करना चाहिए। सभी को अपने भाग्य के अनुसार ही कर्म करने पड़ते है। इस दौरान महिलाओं ने कीर्तन करते हुए राम का गुणगान किया। जिसमें मुख्यातिथि जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि जनपत सदस्य विजयलक्ष्मी जांगड़े, अध्यक्षता सरपंच सत्यवती महेंद्र प्रताप सोनवानी ने पूजा अर्चना कर भगवान राम का स्मरण किया। महाप्रसादी वितरण में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष हरीश यादव, उपाध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष प्रकाश निषाद, सचिव भानु निषाद, सहसचिव चंद्रिका यादव, रोशन दास, लिखित यादव, बलिराम निषाद, मुकेश निषाद, गजेंद्र साहू, जय साहू, संतोष विश्वकर्मा, चतुर साहू, रामगुलाल आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

# सेजेस के हेल्थ केयर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा (जोंक)**

सेजेस सांकरा (जोंक)के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के हेल्थ केयर के 63 विद्यार्थियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सांकरा में 10 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम कराया गया जिसका प्रमाण पत्र वितरण आरबी चौधरी प्राचार्य परसवानी के द्वारा हुआ, जिसमें संस्था के प्राचार्य दीपक देवांगन, वरिष्ठ व्याख्याता एसडी भोई, टीडी कुमार, देवनाथ पटेल प्रधान पाठक बगारदरहा, पीएल नायक, एसके पटेल एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में संपन्न किया गया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की



कामना करते हुए आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रमाण पत्र वितरण से बच्चों में अत्यंत उत्साह देखा गया। यह प्रमाण पत्र 10 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम जो कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ अरविंद भोई, अमरजीत, धनेश्वर सिदार, दीपांजलि, साहू के मार्गदर्शन में हुआ उन्होंने बच्चों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी को प्रायोगिक व सैद्धांतिक तरीके से अवगत कराया तथा बच्चों को प्रमाण पत्र वितरण करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी छात्र-छात्राएं एवं उनकी हेल्थ केयर प्रशिक्षक कुमारी अल्का साहू, मीडिया प्रशिक्षक मंगला देवी साहू उपस्थित रहे।

### जन संवेदनशीलता का परिचायक है सुशासन तिहारः रमेश

**महासमुंद।** भाजपा जिला



कार्यकारिणी सदस्य व पिटियाझर सोसायटी अध्यक्ष रमेश साहू ने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई सुशासन तिहार को साय सरकार का जनता के प्रति संवेदनशीलता का परिचायक बताया है। भाजपा नेता साहू ने कहा इस पहल से जनता को अपनी समस्याएं सीधे सरकार के सामने रखने का अवसर मिल रहा है और उन्हें उम्मीद है कि अब समाधान भी तेजी से होगा।










## झलप के मरार पटेल समाज बारापाली राज सामाजिक भवन में हुआ कार्यक्रम

# ज्योतिबा फुले ने महिला उत्थान के लिए जीवन भर कार्य किया : सिन्हा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा**

मरार पटेल समाज बारापाली राज के सामाजिक भवन झलप में महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वीं जयंती शुक्रवार 11 अप्रैल को मनाई गई। वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुंद रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता ललित पटेल अध्यक्ष बारापाली राज ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेंद्र प्रसाद नायक मरार महासंघ प्रदेश संयोजक, पवन पटेल जिलाध्यक्ष मरार समाज आदि विराजमान रहे।

कार्यक्रम में अतिथियों ने ज्योतिबा फुले के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई इस अवसर पर अपने उद्बोधन में विधायक सिन्हा ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा महिला उत्थान के लिए पुणे में पहला स्कूल खोला गया और अपनी पत्नी को पढ़ाकर उन्हें शिक्षक बनाया। उनका मानना था शिक्षा ही शोषित वर्ग और




महिलाओं को आजादी दिला सकता है। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने समाज के उत्थान के लिए सामाजिक भवन के लिए राशि की मांग की जिस पर विधायक ने 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। विशेष अतिथि द्वारा समाज के विकास में ज्योतिबा फुले ने क्रांतिकारी परिवर्तन लाकर सत्यशोधक समाज बनाकर सभी जातियों और धर्मो के लोगों को समानता का अधिकार देने की वकालत की और सामाजिक परिवर्तन लाया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राज अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन में प्रकाश डालते हुए उन्होने कहा कि समाज को उनके आदर्श पर चलने हेतु प्रेरित किया गया। मरार पटेल समाज के सचिव द्वारा वार्षिक आय व्यय प्रस्तुत किया गया समाज के वरिष्ठ दीनदयाल पटेल, शिव पटेल सेवक पटेल कमलेश पटेल, दिलीप पटेल, बिशनु पटेल, परस पटेल, भानुराम पटेल, भगत पटेल, लोकनाथ पटेल, पहलू पटेल, जनक पटेल, जमुनालाल पटेल सहित समाज के लोग उपस्थित थे कार्यक्रम की मंच संचालन सुंदर पटेल एवं सभा का समापन व आभार प्रदर्शन ईश्वरी पटेल ने किया।